**कार्यप्रणाली पर सवाल** | वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, हिरणों पर आवारा कुत्तों ने हमला किया था

# पटना बीट में दो दिनों में दो हिरणों की मौत



**अनूपपुर, नवभारत 2 मई।** जिले के बरगवां क्षेत्र अंतर्गत पटना बीट के जंगलों में दो दिनों के भीतर दो हिरणों के मृत पाए जाने से वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेंद्रग्राम किरर के जंगल से भटककर गांव में पहुंचे हिरणों पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि दोनों ही मामलों में नर हिरण (शावक) जंगल से बाहर निकलकर गांव की ओर आ गए थे। स्थानीय लोगों के अनुसार भीषण गर्मी और जंगलों में पानी की कमी के चलते वन्यजीव अक्सर आबादी वाले क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे उनकी जान पर खतरा बढ़ रहा है।

### उसी क्षेत्र में मिला दूसरे हिरण का शव

पहली घटना में मृत हिरण का अंतिम संस्कार अमलाई मोहड़ा बीट गार्ड कार्यालय के पीछे किया गया। इसके अगले ही दिन उसी क्षेत्र में एक और बड़े नर हिरण का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

### दोनों मृत हिरणों का किया गया दाह संस्कार

वन विभाग द्वारा दोनों मृत हिरणों का दाह संस्कार कर दिया गया, लेकिन लगातार हो रही ऐसी घटनाएं विभाग की लापरवाही और वन्यजीव संरक्षण के दावों पर सवाल खड़े कर रही हैं।

### जंगलों में पर्याप्त पानी होता तो हिरण गांव की ओर नहीं आते

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जंगलों में पर्याप्त पानी और सुरक्षा के इंतजाम होते, तो शायद हिरणों को गांव की ओर नहीं आना पड़ता। वहीं, कुत्तों के हमले जैसी घटनाओं पर नियंत्रण के लिए भी कोई ठोस कदम नजर नहीं आ रहे हैं।

## पशु चिकित्सा अनुसंधान को मिली 7 शोध परियोजनाओं की स्वीकृति

**नवभारत,जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय ने पशु चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीसटी) द्वारा विश्वविद्यालय के घटक महाविद्यालयों को कुल 7 शोध परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं का वितरण इस प्रकार है— कॉलेज ऑफ वेटनरी साइंस एंड ए.एच., जबलपुर को 2 प्रोजेक्ट, महू को 3 प्रोजेक्ट तथा रीवा को 2 प्रोजेक्ट स्वीकृत किए गए हैं। कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के नेतृत्व में मिली इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएं युवा शोधकर्ताओं को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी अनुसंधान क्षमता विकसित करने में मदद करेंगी। कुल 58.70 लाख रुपये की वित्तीय सहायता से इन परियोजनाओं में मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स, रोगों का विश्लेषण, स्वदेशी पशु उत्पादकता और सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध किया जाएगा।

# जर्जर भवनों को ढहाने का अभियान शुरू

**नगर पालिका कोतमा की बड़ी कार्रवाई**



**कोतमा नवभारत 2 मई।** नगर पालिका प्रशासन कोतमा ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने और संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रशासन द्वारा क्षेत्र के उन सभी भवनों को जमींदोज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है, जो जर्जर हो चुके हैं और किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकते थे।

नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान शहर के विभिन्न वार्डों में चलाया जा रहा है। प्रशासन ने पहले ही एक व्यापक सर्वे के माध्यम से ऐसे भवनों की सूची तैयार कर ली थी, जिनकी स्थिति अत्यंत खस्ताहाल थी।

### प्रशासन की अपील

नगर पालिका ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील की है। यदि आपके आसपास कोई ऐसा भवन है जो जर्जर स्थिति में है और खतरा बन सकता है, तो तत्काल इसकी जानकारी प्रशासन को दें। नागरिक सजग रहें और खतरनाक निर्माणों से उचित दूरी बनाए रखें।

### पूर्व में दिए गए थे नोटिस

नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई अचानक नहीं की गई है। संबंधित भवन स्वामियों को काफी समय पहले ही नोटिस जारी कर दिए गए थे, जिसमें उन्हें स्वेच्छा से अपने क्षतिग्रस्त निर्माणों को हटाने या उनकी मरम्मत कर उन्हें सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए गए थे। समय सीमा समाप्त होने और सुरक्षा जोखिम को देखते हुए अब प्रशासन स्वयं मैदान में उतरा है।

### इनका कहना है

यह अभियान चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। प्रथम चरण में उन भवनों को प्राथमिकता दी जा रही है जो सार्वजनिक रास्तों के किनारे स्थित हैं। सभी चिन्हित खतरनाक ढांचों को पूरी तरह हटाया जाएगा ताकि राहगीरों और पड़ोसियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

**प्रदीप झरिया**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोतमा**

# शिविर में खेल प्रशिक्षण के साथ अन्य गतिविधियां भी होंगी

**जैतहरी में आरोह 2026 ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का शुभारंभ**



**अनूपपुर, नवभारत 2 मई।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जैतहरी में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 का शुभारंभ सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें खेल एवं युवा कल्याण विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर का संचालन ब्लॉक समन्वयक, स्टेट रेफरी एवं नेशनल ट्रेनर (वॉलीबॉल) दिनेश कुमार सिंह चंदेल के नेतृत्व में किया जा रहा है। उनके साथ प्रशिक्षक रामचंद्र यादव एवं कमलकांत साहू का सहयोग सराहनीय रहा।

### साइबर अपराध से बचाव पर दिया जाएगा मार्गदर्शन

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर तिलक वंदन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुई। मुख्य अतिथि विद्यालय के व्यवस्थापक डॉ. पुष्पेंद्र नामदेव ने आरोह शब्द का अर्थ बताते हुए कहा कि यह निरंतर प्रगति और आगे बढ़ने का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि शिविर में खेल प्रशिक्षण के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां, व्यक्तित्व विकास, नशा मुक्ति, स्वच्छता जागरूकता एवं साइबर अपराधों से बचाव जैसे विषयों पर भी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### प्रतिभागियों को योग के महत्व से अवगत कराया

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक प्रदीप गुप्ता ने युवाओं को ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। योग विशेषज्ञ आकृति गुप्ता ने प्रतिभागियों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए व्यावहारिक योगाभ्यास कराया। शिविर में ताइक्कांडो प्रशिक्षक विकास भारतीया तथा एथलेटिक्स एवं वॉलीबॉल प्रशिक्षक दिनेश कुमार सिंह चंदेल द्वारा आधुनिक तकनीकों के साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## महिलाओं को दी ब्रेस्ट कैंसर की जानकारी

**नवभारत, जबलपुर।** वीएसए वूमेन स्पोर्ट्स क्लब के प्रथम आयोजन का शुभारंभ उत्साह और गरिमा के साथ हुआ। कार्यक्रम में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता विषय पर डॉ. अबोली पानसे ने महिलाओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी, वहीं योग विशेषज्ञ योगिनी निधि सूरी तनेजा ने योग सत्र के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली का संदेश दिया। क्लब अध्यक्ष तेजल गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में डायरेक्टर्स रश्मीत हांडा, प्रिया जैन, रोबिना मंगलानी और अलका जगवानी ने सभी महिला सदस्यों का स्वागत किया। फेस आर्ट सहित विभिन्न आकर्षक गतिविधियों में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शहर की कई प्रतिष्ठित महिलाओं की उपस्थिति से कार्यक्रम को विशेष गरिमा मिली।

# इंफ्रारेड ड्रोन से की जा रहीं हाथियों की निगरानी



**अनूपपुर वन मंडल का रात्रिकालीन गश्ती अभियान तेज**

**अनूपपुर, नवभारत 2 मई।** जिले के अनूपपुर एवं जैतहरी वन परिक्षेत्रों में हाथियों की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए वन विभाग द्वारा विशेष रात्रिकालीन गश्ती अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य मानव-हाथी संघर्ष को रोकना, ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा हाथियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी बनाए रखना है। अभियान के दौरान वन मंडल अधिकारी डेविड चेन्नाप एवं उपवन मंडल अधिकारी प्रीतेश पकालें ने स्वयं मैदानी अमले के साथ संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा कर गश्त का नेतृत्व किया।

### परिक्षेत्रों की टीमों ने संयुक्त गश्त की

अधिकारियों की मौजूदगी से जहां एक ओर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई, वहीं मैदानी कर्मचारियों का मनोबल भी बढ़ा। सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए जैतहरी, राजेन्द्रग्राम, कोतमा एवं अमरकंटक परिक्षेत्रों की टीमों ने आपसी समन्वय स्थापित कर संयुक्त गश्त की। प्रतिकूल मौसम और तेज तूफान जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद वन विभाग का अमला पूरी रात सक्रिय और मुस्तैद रहा।

### मूवमेंट की लगातार ट्रैकिंग की गई

इस अभियान में आधुनिक तकनीक का भी प्रभावी उपयोग किया गया। नाइट विजन (इंफ्रारेड ड्रोन) के माध्यम से हाथियों की सटीक लोकेशन और मूवमेंट की लगातार ट्रैकिंग की गई। इस तकनीकी निगरानी से समय रहते हाथियों की गतिविधियों की जानकारी मिल सकी और उन्हें आबादी वाले क्षेत्रों की ओर बढ़ने से रोकने में सफलता मिली। तकनीकी प्रयासों के साथ-साथ वन विभाग की टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित किया।

### एक नजर में



## गायत्री सावित्री सरोवर घाट पर चला स्वच्छता अभियान

**अनूपपुर, नवभारत।** शासन के निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर परिषद अमरकंटक द्वारा जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान वार्ड क्रमांक 14 स्थित गायत्री सावित्री सरोवर घाट पर व्यापक साफ-सफाई कार्य किया गया। अभियान के तहत सरोवर घाट क्षेत्र में सघन सफाई करते हुए कचरे को हटाया गया और जल स्रोत को स्वच्छ बनाने की दिशा में प्रयास किए गए। अधिकारियों और कर्मचारियों ने जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए घाट परिसर के आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई।

# बच्चों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता

**जैतहरी की ग्राम पंचायतों में नल-जल योजनाओं का सीईओ ने किया निरीक्षण**



**अनूपपुर, नवभारत 2 मई।** जिले में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित नल-जल योजनाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने जनपद जैतहरी के ग्राम पंचायत हर्री, बर्री, अमगंवा और गुंवारी का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने विशेष रूप से शासकीय स्कूलों में पेयजल व्यवस्था की स्थिति देखी।

### कुछ स्थानों पर व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता

उन्होंने पाया कि कुछ स्थानों पर व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता है, जिस पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

सीईओ अर्चना कुमारी ने मौके पर पीएचई विभाग के इंजीनियरों को निर्देशित किया कि नल-जल योजनाओं के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति नियमित और निर्बाध रूप से सुनिश्चित की जाए।

### समस्या का त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर पेयजल आपूर्ति की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों ने कुछ स्थानों पर आ रही समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कहीं पेयजल संकट उत्पन्न होता है, तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते समस्या का समाधान किया जा सके।

**सृष्टि के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई**

# नारद जयंती आज, प्रतिभाओं का होगा सम्मान




**अनूपपुर, नवभारत।** सृष्टि के प्रथम संवाददाता एवं आदि पत्रकार के रूप में विख्यात देवर्षि नारद की जयंती रविवार को जमुना-कोतमा क्षेत्र के बंकिम बिहार में हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्रों और पत्रकारों का सम्मान होगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद अनूपपुर ब्लॉक इकाई द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजन के सूत्रधार भगवान दास मिश्रा एवं संयोजक चंदन केवट ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी कार्यक्रम को विशेष और यादगार बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं।

### देवर्षि नारद भगवान ब्रह्मा के मानस पुत्र हैं

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवर्षि नारद भगवान ब्रह्मा के मानस पुत्र हैं, जिन्होंने देव, दानव, मनुष्य और किन्नरों के बीच संवाद स्थापित कर सृष्टि के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आधुनिक पत्रकारिता में भी उन्हें प्रथम पत्रकार के रूप में सम्मानित किया जाता है। उनका प्रकटोत्सव ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। कार्यक्रम में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के साथ विद्वान आचार्य पंडित ओमप्रकाश शास्त्री द्वारा देवर्षि नारद के जीवन पर प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया जाएगा।


## कार्यालय नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर (म.प्र.)

क्रं./323/न.परि./ई-टेन्ड./ लोक. नि./2026 E-mail-cmojaithari@mpurban.gov.in जैतहरी दिनांक :- 29/04/2026

**ई - निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा नगर परिषद जैतहरी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रित करती है उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईड https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है।

| क्रं. | ऑन लाईन टेंण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रुपए में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01. | 2026_UAD_504011_1 | Facilitation of strenght conditioning and wellness hub at ward 08 | 16,50,000/- | 12,375/- | 2000/- | 03 माह |
| 02. | 2026_UAD_504027_1 | Construction of maharshi Kashyap dham At ward 05 | 9,65,420/- | 9,654/- | 2000/- | 03 माह |

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करनें का दिनांक 29/04/2026 समय शाम 16:00 बजे से 01/06/2026 समय शाम 17:30 तक क्रय की जा सकती है एवं सरल कमांक 2 निविदा प्रपत्र ऑनलाईन कय करनें का दिनांक 29/04/2026 समय शाम 16:00 बजे से 15/05/2026 समय शाम 17:30 तक कय की जा सकती है। 2. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेंण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करनें के लिए वेबसाईड पर सुविधा उपलब्ध है अधिक जानकारी के लिए https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है। 3. निविदाकार टेण्डर डालने के पूर्व उपरोक्तानुसार स्थल का निरीक्षण कर सकते है। 4. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए समाचार पत्र पर प्रकाशन नही किया जावेगा निविदा के संशोधन की जानकारी https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद् जैतहरी जिला - अनूपपुर (म.प्र.)**

## कार्यालय नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर (म.प्र.)

क्रं./335/न.परि./ई-टेन्ड./ लोक. नि./2026 E-mail-cmojaithari@mpurban.gov.in जैतहरी दिनांक :- 01/05/2026

**ई - निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा नगर परिषद जैतहरी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रित करती है उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईड https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है।

| क्रं. | ऑन लाईन टेंण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रुपए में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01. | 2026_UAD_504575_1 | Etablishment of recreational activities at different park and gardens in Jaithari | 16,45,600/- | 12,342/- | 2000/- | 03 माह |
| 02. | 2026_UAD_504570_1 | Finishing furnishing work of old building for multipurpose use at wardno 08 | 9,97,185/- | 9,971/- | 2000/- | 03 माह |

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करनें का दिनांक 01/05/2026 समय शाम 10:30 बजे से 02/06/2026 समय शाम 17:30 तक क्रय की जा सकती है एवं सरल कमांक (2) 01/05/2026 समय शाम 10:30 बजे से 16/05/2026 समय शाम 17:30 तक कय की जा सकती है। 2. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेंण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करनें के लिए वेबसाईड पर सुविधा उपलब्ध है अधिक जानकारी के लिए https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है। 3. निविदाकार टेण्डर डालने के पूर्व उपरोक्तानुसार स्थल का निरीक्षण कर सकते है। 4. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए समाचार पत्र पर प्रकाशन नही किया जावेगा निविदा के संशोधन की जानकारी https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद् जैतहरी**
**जिला - अनूपपुर (म.प्र.)**


**संगोष्ठी** | अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर संगोष्ठी आयोजित, मजदूरों को शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए जागरूकता पर दिया जोर

# मजदूर दिवस पर गूंजा एकता, अधिकार और सम्मान का संदेश




**अनूपपुर, नवभारत 2 मई।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर द्वारा शाखा कार्यालय में मजदूर एकता, अधिकार और सम्मान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा तथा असंगठित मजदूरों को शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। मुख्य वक्ता के रूप में रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष एवं सीआईसी प्रभारी लक्ष्मण राव ने कहा कि मजदूर दिवस हमें श्रमिकों के संघर्ष और उनके बलिदान की याद दिलाता है।

### अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी : राव

उन्होंने कहा कि श्रमिकों को मिले अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने बताया कि एनएफआईआर के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. एम. राघवैया एवं मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण के मार्गदर्शन में संगठन रेलवे कर्मचारियों के साथ-साथ असंगठित मजदूरों को आर्थिक, चिकित, सामाजिक अधिकार दिलाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

### सफाई कर्मचारियों को साफा भेंट किया गया

शाखा सचिव जयंतो दासगुप्ता ने जानकारी दी कि बिलासपुर मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री के निर्देश और लक्ष्मण राव के मार्गदर्शन में इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान रेलवे क्षेत्र में कार्यरत महिला कुली एवं महिला सफाई कर्मचारियों को साड़ियां तथा पुरुष कुली व सफाई कर्मचारियों सहित विभिन्न विभागों के रेल कर्मचारियों को साफा भेंटकर सम्मानित किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

संगोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकार अरविंद बियानी, मुख्य स्टेशन अधीक्षक अनूपपुर एम.पी. शर्मा, स्वास्थ्य निरीक्षक नरेन्द्र मीणा, एसके कोरी, सफाई कामगार यूनियन नेता अजय चौधरी, युवा नेता किशन द्विवेदी, रविकांत राय सहित मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारी विवेक राय, सदाशिव पाण्डेय, एस संजीव राव, मौमिता मजूमदार, जी सुर्याराव, मुकेश यदुवंशी समेत कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे।